# बच्चों को ARV की दवा DTG-10 mg के साथ देने की विधि



## पहला कदम: खुराक निर्धारित करें

बच्चे के वजन के आधार पर एक साफ और खाली गिलास या कटोरी में सही मात्रा में ARV गोलियों को डालें (खुराक तालिका देखें)

सुझाव: आप टैबलेट को चिन्हित लाइन पर बीच से आसानी से तोड़ सकते हैं।

*20 kg से कम वजन वाले बच्चों के लिए ARV दवाओं की खुराक अनुसूची*

| बच्चे का वजन (kg में) | DTG 10 mg (दिन में एक बार-OD) | AL 60/30 mg (दिन में दो बार-BD) | AL 120/60 mg (दिन में एक बार-OD) | ZL 60/30 mg (दिन में दो बार-BD) |
|---|---|---|---|---|
| 3-5.9 kg | 0.5 | 1 | 1 | 1 |
| 6-9.9 kg | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 10-13.9 kg | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 14-19.9 kg | 2.5 | 2.5 | 2.5 | 2.5 |



## दूसरा कदम: DTG-10 mg का मिश्रण तैयार करें

- 1 से 3 गोलियों के लिए, DTG-10 mg को **5 ml या 1 चम्मच** पीने के पानी में घोलें
- AL या ZL टैबलेट के साथ मिलाते समय DTG-10 mg को **20 ml या 4 चम्मच** पीने के पानी में घोलें

सुझाव: सुनिश्चित करें कि मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं, ताकि कोई गांठ न रह जाए।

## तीसरा कदम: बच्चे को मिश्रण पिलायें





सुनिश्चित करें कि बच्चा तुरंत या मिश्रण तैयार होने के 30 मिनट के अंदर पूरी दवा पी जाये

सुझाव: यदि कुछ दवा गिलास/कटोरी में रह जाए तो उसमें थोड़ा और पानी मिलायें और यह सुनिश्चित करें कि बच्चे को पूरी खुराक मिले।

### फायदे

- सरल खुराक
- सरल प्रबंधन
- बेहतर स्वाद
- बेहतर सहनशीलता और कम दुष्प्रभाव
- तेज़ VL दमन
- प्रतिरोध के लिए बेहतर आनुवंशिक बाधा

### याद रखें

- याद रखें कि DTG-10 mg के मिश्रण को तुरंत या फिर तैयार होने के 30 मिनट के अंदर दिया जाए
  - यदि बच्चा दवा लेने के 30 मिनट के अंदर उल्टी कर देता है, तो बच्चे को DTG-10 mg की एक और पूरी खुराक फिर से दें
  - यदि बच्चा दवा लेने के 30 मिनट के बाद उल्टी करता है, तो उस दिन दुबारा खुराक न दें
- यदि आपके बच्चे को ARV लेने में कोई कठिनाई हो, या आपका कोई सवाल हो तो कृपया अपने ART centre से संपर्क करें

NACO
National AIDS Control Organisation
India's response to HIV & Sexually Transmitted Infections
Ministry of Health & Family Welfare, Government of India
www.naco.gov.in